श्री बंशीधर नगर, रविवार
05.01.2025
पौष शुक्लपक्ष षष्ठी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 133

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:39 बजे
अस्त - 05:22 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 20 डिग्री से.
न्यूनतम : 08 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com

विधायक अनंत ने गरीबों के बीच बांटा कंबल >> पेज 03
अभिषेक बच्चन व बेटी के साथ मुंबई लौटीं ऐश्वर्या : पेज 04

### सुविचार

मंज़िल पर पहुंचने से पहले का रास्ता थकाने वाला और हिम्मत तोड़ने वाला होता है

### न्यूज अपडेट्स

## मानसिक बीमार महिला ने गला रेतकर अबोध बेटी को मार डाला

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के बड़ाअजियातु गांव में मानसिक रूप से बीमार महिला ने डेढ़ वर्षीय पुत्री नीतू कुमारी की सब्जी काटने वाले बैठी से गला रेतकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार रात की है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस आरोपित मां फूलमनी देवी को हिरासत में लेकर थाने ले आई। आरोपित महिला के पति कैलाश गोप ने कहा कि शुक्रवार की रात वह घर में खाना बना रहा था। इसी दौरान उसकी पत्नी फूलमनी देवी बच्ची को गरम कपड़ा पहनाने के बहाने दूसरे कमरे में ले गई और सब्जी काटने वाला बैठी से गर्दन रेत हत्या कर दी। हल्की आवाज होने के बाद हमने झांक कर घर में देखा तो उसकी पत्नी ने बच्ची की गला रेतकर हत्या कर दी थी। इसके बाद उसने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। पुलिस को भी सूचना दी गई। कैलाश गोप ने कहा कि उसकी पत्नी की मानसिक स्थिति खराब थी। वर्ष 2018 से प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। इधर कुछ दिनों से फूलमनी देवी की तबीयत खराब होने के कारण पहले की दवा को बंद कर दूसरा दवाई चल रही थी। इस बीच अचानक उसकी तबियत खराब हो गई और उसने अपनी बेटी को ही मार डाला। इस संबंध में थाना प्रभारी तरुण कुमार ने शनिवार को बताया कि आरोपित महिला को हिरासत में लिया गया है और घटना में प्रयुक्त तेज धार बैठी को जब्त किया गया है।

### कोहरे का असर पड़ रही कड़ाके की ठंड, शिक्षा विभाग का आदेश

# केजी से 8वीं कक्षा के बच्चों को 13 तक छुटी

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड शीतलहर की चपेट में है। बढ़ती ठंड को देखते हुए सरकार ने झारखंड के सभी स्कूलों में केजी से 8वीं तक की कक्षाएं 7 से 13 जनवरी तक बंद रखने का आदेश दिया है। इससे संबंधित आदेश राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षारता विभाग ने शनिवार देर रात जारी किया है।जारी आदेश के अनुसार, राज्य के सभी सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त अल्पसंख्यक और निजी स्कूलों में केजी से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं बंद रहेंगी। वहीं, 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं और सभी प्रकार के आवासीय विद्यालय पहले की तरह चलते रहेंगे।



दरअसल, झारखंड में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राज्य की राजधानी रांची के लोग ठंड से कांप रहे हैं। सुबह और शाम को ठंड में लगातार इजाफा हो रहा है। सुबह और रात में जगह-जगह आग जलाकर लोग ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर झारखंड में भी दिख रहा। लगातार चल रही हवा ने झारखंड में ठंड बढ़ा दी है। शनिवार को राजधानी रांची के कांके में पारा लुढ़ककर तीन डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। राजधानी में शनिवार सुबह हल्के दर्जे का कोहरा छाया रहा लेकिन धीरेधीरे आसमान साफ हो गया। मौसम विभाग के अनुसार पांच और छह जनवरी को सुबह कोहरा छाया रहेगा और आंशिक रूप से बादल छाने की भी संभावना है। सात, आठ जनवरी को भी कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा।

मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के अनुसार पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 22.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 07.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 24.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डालटनगंज का अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 9.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शनिवार को बताया कि पिछले 24 घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 5.0 डिग्री सेंटीग्रेड रांची में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26.5 डिग्री सेंटीग्रेड सिमडेगा में रहा। पिछले 24 घंटे में राज्य में मौसम शुष्क रहा।

## एनआईए. बोकारो से भाकपा माओवादी बच्चा सिंह गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड में भाकपा माओवादियों के षड्यंत्र मामले में एक मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। एनआईए से आधिकारिक रूप से मिली जानकारी के अनुसार, झारखंड के बोकारो जिले के गोविंदपुर निवासी बच्चा सिंह उर्फ बच्चा बाबू सिंह को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। वह (आरसी-03/2023/एनआईए/आरएनसी) मामले में एफआईआर में आरोपित है। एनआईए ने अगस्त 2023 में यूए(पी) अधिनियम और सीएलए अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आनंदपुर पुलिस से मामला अपने हाथ में लिया था। जांच के दौरान पता चला कि बच्चा सिंह मजदूर संगठन समिति (एमएसएस) का सचिव था, जिसे वर्तमान में झारखंड राज्य सरकार ने सीएलए अधिनियम के तहत प्रतिबंधित कर दिया है। आरोपित प्रतिबंधित भाकपा माओवादी और उसके शीर्ष नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था। वह संगठन की विचारधारा को बढ़ावा देने और झारखंड और अन्य स्थानों में इसकी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए धन संग्रह में शामिल था।




यह मामला मूल रूप से जुलाई 2022 में झारखंड के चाईबासा जिले में तीन भाकपा माओवादी कैडरों की गिरफ्तारी के बाद स्थानीय पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था, जब वे माओवादी लाजिम अंसारी और सौरभ के जरिये लिखे गए पत्र देने के लिए सीपीआई (माओवादी) के पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा से मिलने जा रहे थे। मामले में आगे की जांच जारी है।

### हजारीबाग में एनआईए का छापा

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने शनिवार को हजारीबाग के विष्णुगढ़ स्थित नवादा गांव के एक घर में छापेमारी कर लोगों से पूछताछ की। एनआईए की टीम ने गोमिया के झुमरा पहाड़ के क्षेत्रों में छापेमारी की है। झुमरा पहाड़ और उसके आसपास के गांव नक्सल प्रभावित क्षेत्र है। यहां कई बार पुलिस और नक्सलियों में मुठभेड़ भी हो चुकी है। पिछले सप्ताह शुक्रवार को एनआईए की टीम गिरिडीह पहुंची थी। यहां नक्सली कृष्णा हांसदा से जुड़े मामले को लेकर कई घरों में छापेमारी की गई थी। जिन घरों में टीम ने छापेमारी की है, वे घर नक्सलियों के लिए काम करने वाले संदिग्ध और ओवर ग्राउंड वर्करों के हैं। लगभग पूरे दिन चली कार्रवाई में टीम ने घरों की तलाशी ली।

### महिला के साथ दुष्कर्म की आशंका, पति ने करायी प्राथमिकी

# 36 घंटे बाद आया होश, नहीं निकल रही आवाज

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के रमकंडा के बियाटांड़ जंगल में हाड़ीघाट के पास मवेशी (बकरी) चराने के दौरान बेहोश एवं नग्न मिली 26 वषीर्या महिला का लगातार इलाज किया गया। करीब 36 घंटे बाद शनिवार तड़के होश में आई। महिला बोल नहीं पा रही है। गला दबाए जाने के कारण उसे बोलने में परेशानी आ रही है। वह आठ माह की गर्भवती है। गर्भ में बच्चे की हार्ट बीट बढा होने के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।



मेडिकल जांच के बाद उसे रांची भेज दिया गया।

इस बीच उसके पति ने खुलासा करते हुए कहा कि उसकी पत्नी जंगल के झाड़ी में बेहोश मिली थी। उसके तन पर कपड़े नहीं थे। किसी तरह उसे इलाज के लिए गुरुवार रात 10 बजे एमआरएमसीएच में भर्ती कराया था। पति ने दुष्कर्म की आशंका जतायी है। पति के अनुसार महिला गुरूवार सुबह हर दिन की तरह बकरियों को लेकर चराने निकली थी। शाम तक जब घर नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की गयी।

जंगल में खोजते हुए पति एवं सास-ससुर जब रमकंडा-मंगराही के सिवाना पर हाड़ीघाट घाट के पास बियाटांड जंगल में पहुंचे तो वहां एक बकरी बंधी मिली, जबकि महिला झाड़ी में पड़ी मिली थी। पति के अनुसार दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने के लिए गला दबाया गया था। बेहोशी की हालत में उसे मरा समझकर छोड़ दिया गया होगा। इस मामले में पीड़िता के पति ने रमकंडा थाने में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। कांड संख्या 01/25 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि पुलिस की जांच में दुष्कर्म या अन्य कोई कारण से बेहोश होने की पुष्टि नहीं हुई है।

इधर, शनिवार को रमकंडा थाना से मामले में जांच एवं महिला का बयान लेने के लिए पुलिस अधिकारी एमआरएमसीएच पहुंचे। पुलिस के द्वारा महिला के कपड़े सहित अन्य सामान लेकर जांच के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया। मेडिकल जांच के बाद लिए गए नमूने भी जांच के लिए रिम्स भेजे गए हैं।

### गंभीर चिंता का विषय

## डेढ़ लाख कृषि मजदूर व दो लाख युवा की तो चिंता करें




### संपादक की कलम से

नीलू चौबे

पलामू, गढ़वा व लातेहार जिले में हर साल खेती के मौसम में बड़ी संख्या में पलायन होता है। हालांकि खेती का यंत्रीकरण करने के बाद से कृषि मजदूरों के पलायन में कमी आयी है। पलामू प्रमंडल के तीन जिलों से करीब डेढ़ लाख मजदूर (अनुमानित आंकड़ा) बिहार में धान रोपने, धान काटने व गेहूं काटने जाते रहे हैं। कभी-कभी ये मजदूर ठेकेदारों के साथ उत्तर प्रदेश के अलावा पंजाब और हरियाणा भी जाते रहे हैं। बिहार जाने वाले ये मजदूर अपने साथ बनी (काम के बदले मिलने वाला अनाज) लेकर आते हैं, जिससे इनके परिवार के चार से छह महीने के भोजन की व्यवस्था हो जाती है। जब ये मजदूर बाहर कमाने जाते हैं, तो इनके घर में सिर्फ बूढ़े और बच्चे ही रहते हैं। वर्षों पहले पलामू के भाकपा नेता केडी सिंह ने कहा था-यह अनाज पलामू प्रमंडल की आर्थिक रीढ़ है। यदि यह व्यवस्था नहीं होती तो ये मजदूर भूखों मरते। जब झारखंड राज्य बना तो पलायन की इस समस्या पर गंभीर रूप से चर्चा होने लगी, जब डालटनगंज के तत्कालीन विधायक और झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष इंदरसिंह नामधारी के सामने यह सवाल उठा, तो उन्होंने इसे हल्के में लिया और कहा कि पलायन करने की इन मजदूरों की आदत है। इस जवाब का साफ मतलब है कि यहां के विधायक व सांसदों ने इन कृषि मजदूरों के दर्द को कभी समझा ही नहीं। यह सवाल तब उठता है, जब बिहार से अनाज लेकर आने वाले मजदूरों की गाड़ियों की दुर्घटना होती है और ये मजदूर अपनी जान गंवाते हैं। अब सवाल यहां के युवा मानव संसाधन की। पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले के युवा अपना गांव छोड़कर अन्य राज्यों के निर्माण में लगे हैं। यहां उनके लिए काम नहीं है। चाहे शिक्षित युवा हों या फिर अशिक्षित, ये पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, ... आदि राज्यों में काम के लिए भटक रहे हैं। हमारा मानव संसाधन दूसरे राज्यों में अपनी ऊर्जा खर्च करता और तब यहां उसके परिवार का पेट भरता है। अक्सर गढ़वा जिले से खबरें आती हैं कि बाहर कमाने गये फलां गांव के बेटे का शव यहां आया है। पलामू प्रमंडल में नौ विधायक और दो सांसद चुने जाते हैं, लेकिन कभी भी किसी ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया। दरअसल, ये जनप्रतिनिधि जननेता बनने की कोशिश ही नहीं करते, मात्र विधायक या सांसद ही बनना ही इनका अंतिम लक्ष्य होता है। एक भी जनप्रतिनिधि ने नेता बनने की कोशिश नहीं की। यदि ये नेता बनने की कोशिश करते, तो यहां के कई मुद्दे झारखंड विधानसभा में गुंज रहे होते। यदि हम अपने युवा को अपने घर में रखें और उसकी क्षमता का इस्तेमाल यहीं करने का मौका और अवसर दें, तो हमारे राज्य का भी तेजी से कायाकल्प हो जायेगा। रोजगार सृजन की दिशा में हमारे नेता सोच ही नहीं रहे हैं। आज सेल कंपनी भवनाथुपर से अपना करोबार समेट रही है, इससे पूर्व चैनपुर का माइंस बंद हो चुका है। लेस्लीगंज का लाह अनुसंधान केन्द्र कब से बंद पड़ा है। बेतला को आज तक व्यावसायिक पर्यटन केन्द्र बनाने का प्रयास नहीं किया गया। यदि एक-एक कर देखें तो हमारे पास जो भी संसाधन रोजगार देने वाले थे, वे धीरे-धीरे सीमट रहे हैं और हमारे जनप्रतिनिधि आंख बंद कर बैठे हुए हैं। हमारे नेता ठेकेदारी को ही रोजगार बना बैठे हैं। यदि गहराई से सोचें तो इन नेताओं के कारण हमारे क्षेत्र की तीन पीढ़ियां इन विधायकों के पीछे-पीछे चलते हुए बिचौलिया बन कर रह गयी हैं। विधायकों की तारीफ या विरोध करना और बिचौलियागिरी करना ही यहां के युवाओं का काम रह गया है। काश! हम इस पर गंभीरता से विचार करते और अपने विधायक से इस पर सवाल करते।

# पूजा समिति के पदाधिकारियों ने की डीसी से मुलाकात, समस्याओं को रखा



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** शहर के टंडवा के सभी पूजा समिति अखाड़ों के प्रतिनिधियों ने डीसी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को प्रस्तुत किया। सभी पूजा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि टंडवा दानरो नदी पुल पर दोनों साईड लोहे का हाईट गैज (ब्रेकेटिंग) लगाया जा रहा है यह आम जनमानस के हित के लिये है। लेकिन पूजा त्यौहार जैसे रामनवमी पूजा, दशहरा पूजा एवं मोहर्रम में इसी रास्ते से होते हुये गढ़वा शहर में प्रवेश करते हैं। दुर्गा पूजा में प्रतिमा का विसर्जन, रामनवमी में विशाल रथ भ्रमण तथा मोहर्रम में ताजिया भ्रमण इसी रास्ते से होता है जो एक धार्मिक आस्था का विषय है। पदाधिकारियों ने बताया कि वह हाईट गैज को नट बोल्ट से फिट किया जाय, जिससे त्यौहार में दो से तीन दिन पहले विभाग से अनुमति लेकर पूजा कमेटी उसे खोल सकें तथा त्योहार के बाद उसे फिर वापस वैसे लगा दें। डीसी ने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा। साथ ही प्रशासन ने यह अपील की कि सभी पूजा अखाड़े मिलजुलकर शांति और भाईचारे के साथ त्योहारों का आयोजन करें। मौके पर जय मां शेरावाली संघ के संयोजक दौलत सोनी, अध्यक्ष सुनील कुमार, जय भारत अखाड़ा के शुभम केशरी, रंजीत कुमार, जय मां वैष्णो संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार, रामनवमी पूजा समिति के राजू गुप्ता सहित कई अखाड़ों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### बीडीओ ने वृद्ध दंपति को राशन एवं कंबल का दिलाया लाभ

**मझिआंव :** एसडीओ संजय कुमार पांडेय के निर्देश पर बीडीओ सह एमओ श्रीमती कनक ने प्रखंड क्षेत्र के सोनपुरवा पंचायत में वृद्ध दंपत्ति प्यारी चौधरी तथा पैर से दिव्यांग पत्नी मैना देवी को राशन एवं कंबल तथा उनकी विवाहिता पुत्री कुसमी देवी को मंईयां सम्मान योजना का लाभ मुहैया कराया। साथ ही उन्होंने वृद्ध दंपति का लगभग तीन माह से बंद पड़े वृद्धा पेंशन की जांच करवाई। इस संबंध उन्होंने कहा कि वृद्ध दंपति का दिसंबर माह में ही उनके खाते में वृद्धा पेंशन की राशि भेज दी गई है। लेकिन इन लोगों के द्वारा जांच नहीं कराया गया था। इधर वृद्धि दंपति की वृद्धावस्था को देखते हुये उन्होंने नजदीकी प्रज्ञा केंद्र के संचालक को प्रत्येक माह वृद्धा पेंशन की राशि निकासी कर देने की बात कही। साथ ही उन्होंने वृद्ध दंपति को भरोसा दिलाते हुये कहा कि और किसी प्रकार की दिक्कत हो तो तत्काल मुझे जानकारी दें सरकार के द्वारा दी जाने वाली सहयोग समय रहते मुहैया कराया दिया जायेगा। विदित हो कि सोनपुरवा पंचायत में वृद्ध दंपति का पोस मशीन में अंगूठा नहीं उठाने के कारण कुछ महीनों से डीलर के द्वारा राशन नहीं दिया गया। इसके साथ ही पिछले 3 माह से वृद्धा पेंशन की राशि भी नहीं मिल पाई थी। जिसके कारण उनके घरों में पिछले 4 दिनों से चूल्हा नहीं जलने की जानकारी एसडीओ को मिली थी। उसके बाद उन्होंने तत्काल बीडीओ सह एमओ श्रीमती कनक को वृद्ध दंपति एवं उनकी पुत्री को तत्काल सहयोग करने का निर्देश दिया था।

**विरोध** प्रमुख के विरुद्ध पंचायत समिति सदस्य

# अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के राज्याध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय के विरुद्ध शनिवार को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया है। इसे कांडी के बीडीओ ने सदर एसडीओ के पास अग्रेतर कार्रवाई के लिये अग्रसारित कर दिया है। शनिवार को कांडी प्रखंड क्षेत्र के 7 पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय के विरुद्ध बीडीओ को अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। इस सूचना को देने वालों में सरिता देवी, उषा देवी, अमरजीत ठाकुर, योगेंद्र बैठा, मनोज कुमार पासवान एवं फूलती देवी के नाम शामिल हैं। उनके प्रस्तावक खुटहेरिया पंचायत से पंचायत समिति सदस्य अभिनंदन शर्मा हैं। इस मामले को बीडीओ राकेश सहाय ने एसडीओ गढ़वा संजय कुमार को अग्रेतर कार्रवाई के लिये अग्रसारित कर दिया है। इस नोटिस पर विचार करते हुये एसडीओ के द्वारा आगे की कार्रवाई की जायेगी। वे अविश्वास प्रस्ताव पर विचार के लिये एक तारीख निर्धारित कर कांडी प्रखंड क्षेत्र के सभी 21 पंचायत समिति सदस्यों को गढ़वा बुला सकते हैं। क्योंकि प्रमुख के चुनाव के लिये निवार्ची पदाधिकारी एसडीओ ही होते हैं। इस संबंध में प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने कहा कि उनकी लड़ाई पंचायत समिति सदस्यों से नहीं बल्कि स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह से है। उन्होंने आरोप लगाते हुये कहा कि पंचायत समिति सदस्यों को अपने पास रखकर विधायक ने अपनी गाड़ी से कांडी भेजा है एवं उन्हीं की गाड़ी से आवेदन देने के बाद सभी सदस्य वापस गये हैं। उन्होंने ही थाना में फोन करके पुलिस को बुलाया है। वह भी विधायक से दो-दो हाथ करने के लिये तैयार हैं। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि प्रमुख की सारी बातें मनगढ़ंत एवं निराधार हैं। उनको इस मामले से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने सरासर झूठा आरोप लगाया है।

### अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह को सेवानिवृत्ति के उपरांत दी गई विदाई

मेदिनीनगर : सिविल कोर्ट पलामू के अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह को सेवानिवृत्ति के उपरांत शनिवार को विदाई दी गई। विदित हो कि मनोज कुमार 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त हुये थे। इस मौके पर अभियोजन कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। लोक अभियोजक राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि मनोज कुमार सिंह ईमानदार एवं कर्तव्य निष्ट अपर लोक अभियोजक के रूप में काम किया है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में सेवानिवृत्ति एक सामान्य प्रक्रिया है। श्री कुमार ने अपने सेवाकालीन समय में सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक के रूप में मजबूत पक्ष रखने का काम किया है तथा कई मामलों में उन्होंने मुजरिमों को सजा दिलाई है। उन्होंने बिना भेदभाव किये सभी के साथ सामंजस बनाते हुये अपर लोक अभियोजक के रूप में कार्य किया है। सेवानिवृत्ति के बाद शेष समय अपने परिवार व समाजहित में व्यतीत करेंगे। हम सभी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। उस मौके पर अपर लोक अभियोजक मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पलामू न्याय मंडल में कार्य करने का जो अवसर मिला है यह सेवा काल के दौरान सबसे बेहतरीन समय रहा है। यहां का बार व बेंच का रिश्ता बहुत मधुर रहा है व कार्य के दौरान लोगों का भरपूर सहयोग मिला है। मौके पर अपर लोक अभियोजक पुष्पा सिन्हा, प्रवीण कुमार सिंह, सहायक लोक अभियोजक में दिलीप सिंह, उस्मान गनी, जगरनाथ, जस्टिन सोरेंग, शैलेश रंजन के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## मनरेगा के 17263 योजना लंबित, डीडीसी ने शीघ्र कार्य पूर्ण करने का निर्देश

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** डीडीसी शब्बीर अहमद ने शनिवार को डीआरडीए सभागार में मनरेगा एवं आवास योजना के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। मनरेगा की समीक्षा के दौरान उन्होंने वित्त वर्ष 2021-22 एवं उसके पूर्व की लंबित 17263 योजना को तीव्र गति से एक सप्ताह के अंदर समीक्षा कर मनरेगा सॉफ्ट में पूर्ण करने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में हुसैनाबाद में 5348, पाटन में 2766 एवं पाटन में 1165 योजनाएं लंबित पाई गई। उन्होंने इन तीनों प्रखंड के बीडीओ को कार्य पूर्ण करने को लेकर विशेष ध्यान देने को कहा। वहीं मानव दिवस सृजन की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जनवरी 2025 तक निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रखंड मेदिनीनगर द्वारा 37.27 प्रतिशत, पाटन द्वारा 43.39 प्रतिशत, हुसैनाबाद द्वारा 46.01 प्रतिशत, बिश्रामपुर द्वारा 46.51 प्रतिशत तथा पांकी द्वारा 49.95 प्रतिशत किया गया है। उन्होंने इस पर अप्रसन्नता जाहिर करते हुये पंचायतवार समीक्षा कर सबसे खराब प्रदर्शन करने वाले पंचायत को चिन्हित कर कारण बताओ नोटिस जारी करने, मानदेय में कटौती करने तथा कार्य मुक्त करने की अनुशंसा करने का निर्देश दिया। इसके अलावे उन्होंने शत प्रतिशत आधार सीडिंग, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन तथा जियो टैग कराने का निर्देश दिया गया। वहीं आवास योजना की समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, अबुआ आवास योजना, पीएम जनमन आवास व बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना एवं पीएम जनमन आवास अंतर्गत स्वीकृति एवं प्रथम गैप को 01 सप्ताह के अंदर कैम्प कर समाप्त करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अबुआ आवास योजना अंतर्गत प्लिंथ एवं लिंटल हो चुके आवासों में लंबित द्वितीय एवं तृतीय किस्त का अविलंब प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बीडीओ को दिया गया। सभी आवास के लाभुकों को मनरेगा अभिसरण के तहत अनिवार्य रूप से मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

### भीम बाराज एप्रोच सड़क पर बालू डंप



**कांडी :** भीम बाराज एप्रोच सड़क के बीचोबीच बालू डंप किया हुआ है, जिससे उस सड़क पर दुर्घटना की संभावना बढ़ गई है। बीच सड़क पर बालू डंप किसने व क्यों किया ये किसी को मालूम नहीं है। संभावना जताया जा रहा है कि प्रखंड क्षेत्र में रात के अंधेरे में अवैध बालू का खनन, परिवहन व बिक्री करने वाले बालू माफियाओं द्वारा ही बीच सड़क पर बालू डंप कर दिया गया है। जिससे सड़क पर दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। मझिआंव–सोन्डीपुर मुख्य सड़क को भंडरिया गांव के पास से भीम बाराज पुल को जोड़ने वाले एप्रोच सड़क पर बीचोंबीच बालू डंप किया गया है। बताया जा रहा है कि रात भर कोयल नदी से बालू का अवैध खनन कर प्रखंड क्षेत्रों में बेचा जाता है। लोगों द्वारा संभावना जताया जा रहा है कि रात भर चलने वाले अवैध बालू ट्रैक्टरों में से ही कोई ट्रैक्टर खराब हो गया होगा और उसके बाद उसने बीच सड़क पर ही बालू डंप कर दिया होगा।

### भाजपा मंडल की बैठक आयोजित

**कांडी :** प्रखंड के लक्ष्मी चंद्रवंशी कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को भाजपा मंडल की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे ने की। जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के नेता सह प्रभारी डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी थे। बैठक में मुख्य रूप से मंडल के सभी बूथों पर सदस्यता अभियान चलाने की दिशा निर्देश बूथ अध्यक्षों व पार्टी कार्यकताओं को दिया गया। बैठक में भोला मेहता, राजेन्द्र प्रसाद, राम लखन चंद्रवंशी, राजू कुमार, ब्रजकिशोर लाल, लल्लू साव, श्याम सुंदर विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोप में युवक गिरफ्तार




**विश्रामपुर :** उंटारी रोड थाने की पुलिस ने थाना क्षेत्र के जोगा गांव के एक युवक को शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ शारीरिक सबंध बनाने व पुनः शादी से इनकार करने के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर जोगा गांव के मुकेश शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बीएनस की धारा 69/89 के तहत भेजा गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार युवक क्षेत्र की एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बना रहा था। जब पीड़िता ने उससे शादी करने को कहा तो वह मुकर गया। पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की गई है।

### सदर एसडीओ ने मजदूर किसान इंटर कॉलेज का किया निरीक्षण



**मेदिनीनगर :** एसडीओ सुलोचना मीणा ने शनिवार को पांकी स्थित मजदूर किसान इंटर महाविद्यालय डंडार कला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कॉलेज में पढ़ाई के लिये स्थापित आवश्यक संसाधनों का जायजा लिया। साथ ही क्लास रूम के अलावे कंप्यूटर रूम एवं प्रयोगशाला कक्ष का भी निरीक्षण किया। मौके पर पांकी के विधायक डॉ शशिभूषण मेहता भी मौजूद थे। एसडीएम सुलोचना मीणा ने बताया कि कॉलेज के शासी निकाय की भी जांच की गयी। उन्होंने कहा कि शासी निकाय के तीन साल पुरानी कमेटी को भंग कर दिया गया है। नई कमेटी का जल्द ही गठन किया जायेगा। इसके लिये प्रतिनिधियों का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में भी छात्रों के रजिस्ट्रेशन का कार्य किया जाना है, इसलिये कॉलेज को खुला रखने का निर्देश दिया गया है। एसडीएम ने यह भी कहा कि रजिस्ट्रेशन कराने वाले विद्यार्थियों को नियमित क्लास करना अनिवार्य होगा। इसके अलावे भी कई आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कॉलेज में नियुक्ति संबंधी शिकायतों के आलोक में प्राचार्य को अगली बैठक में नियुक्त शिक्षक व अन्य कर्मियों के शैक्षणिक कागजात अगली बैठक में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। ताकि कागजातों की जांच के बाद यह देखा जा सके कि कॉलेज में की गयी नियुक्तियां नियमसंगत की गयी है या नहीं। मौके पर कॉलेज के प्राचार्य समेत अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### डा मेहता ने किया एक्स-रे व ओटी का उद्घाटन

**पांकी :** विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने शनिवार को पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक्स–रे रूम एवं ओटी का विधिवत उद्घाटन फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। अस्पताल में एक्स–रे और ओटी की व्यवस्था हो जाने से जनता को इलाज में काफी सुविधा होगी। मौके पर प्रमुख पंचम प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ महेन्द्र प्रसाद, वीपीएम अनुज कुमार, चंदन मेहता, मिथलेश यादव, रौशन सिंह, यशवंत मेहता, सुनील गुप्ता, ललित मेहता, राजेन्द्र यादव, चंदन गुप्ता, श्यामनंदन ओझा व हेमंत यादव समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जयंती पर फुटबॉल मैच का आयोजन**

# जयपाल सिंह मुंडा जयंती के अवसर पर फुटबॉल मैच

बंशीधर न्यूज




**मझिआंव :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर टोला बिडंडा में आदिवासी सरना विकास परिषद गढ़वा एवं बिडंडा सरना समिति के सहयोग से संविधान निर्माता मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जयंती के अवसर पर फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इससे पूर्व जयपाल सिंह मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजा पाठ के बाद फुटबॉल मैच का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रखंड एवं नगर पंचायत क्षेत्र सहित अन्य प्रखंड क्षेत्र के 8 बालक टीम और 8 बालिका टीम कुल 16 टीम भाग लिया। वहीं बालक टीम विडंडा विजेता रहा तो उपविजेता उचरी और बालिका टीम विरबंन्धा विजेता तो उपविजेता कूदरूम टीम रहा। जिला पदाधिकारी द्वारा दंडाधिकारी के रूप में मझिआंव मनरेगा जेई राजेश कुमार श्रीवास्तव को प्रतिनियुक्त किया गया था। खेल में कोई खलल न पैदा हो जिसके लिये मझिआंव थाना एसआई संजय मुंडा को दल बल के साथ प्रतिनियुक्त किया गया था। इस संबंध में रामपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रमेश कुमार पासवान ने कहा कि सरना समिति के सहयोग से सविंधान निमार्ता मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जी की जयंती के अवसर पर फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया था। इस आयोजन से क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित हैं। साथ ही कहा कि इस तरह के खेल आयोजन से क्षेत्र के खिलाड़ियों में खेल के प्रति रुचि बढ़ता है और इसके साथ-साथ खिलाड़ी आगे बढ़ते हैं और क्षेत्र का नाम रौशन करते हैं। वहीं इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सह गढ़वा रंका पूर्व विधायक प्रत्याशी गिरजानंदन उरांव एवं रामपुर पंचायत मुखिया कुमारी छाया, आदिवासी सरना विकास परिषद गढ़वा सचिव प्रदीप उरांव, उपाध्यक्ष महेंद्र उरांव, कैलास उरांव, सदस्य पंचन उरांव, उमेश उरांव, मुखलाल उरांव, जगदीश उरांव, राहुल उरांव, शिवपूजन उरांव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# बीएसएम कॉलेज के कर्मियों ने प्राचार्य के खिलाफ खोला मोर्चा, एसडीओ से की प्राचार्य की शिकायत



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** बोकारो स्टील माइंस महाविद्यालय भवनाथपुर टाउनशिप के कर्मियों ने महाविद्यालय के प्राचार्य आरपी शुक्ला के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। कर्मियों ने शनिवार को एसडीओ प्रभाकर मिर्धा को आवेदन देकर प्राचार्य के द्वारा वित्तिय अनियमितता करने के कारण वेतन व ईपीएफ का भुगतान नहीं होने का आरोप लगाया है। एसडीओ को दिये आवेदन में कर्मियों ने उल्लेख किया है कि महाविद्यालय के प्राचार्य ने शासी निकाय द्वारा गठित वित्तिय सलाहकार समिति की अवहेलना किया गया है। उनके द्वारा अनाधिकार वित्त पदाधिकारी को पदमुक्त करना, कैश काउंटर से पैसा लेकर बैंक में जमा नहीं करना, जून 2024 से दिसंबर 2024 तक सभी कर्मचारियों का वेतन भुगतान लंबित रखना, नवंबर 2021 से मार्च 2023 तक बकाया वेतन का भुगतान नहीं करना, जनवरी 2020 से दिसंबर 2022 तक का ईपीएफ कर्मचारी के वेतन से काटकर भविष्य निधि के खाता में जमा नहीं करने का आरोप लगाया गया है। कर्मियों ने एसडीओ से पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने एवं बकाया भुगतान कराने की मांग की है। मांग करने वालों में शिक्षक प्रतिनिधि अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, उमेश पाठक, श्याम बिहारी सिंह, अरुण कुमार, शिव कुमार प्रसाद, मो नेयाज अहमद खान, ब्रज बिहारी सिंह, श्री राम सिंह, वीरेंद्र यादव सहित 19 कर्मियों के नाम शामिल हैं।

## न्यूज अपडेट्स

### महाकुंभ मेले के कारण सवारी गाड़ी में डिब्बे की किल्लत

**मेदिनीनगर :** प्रयागराज में महाकुंभ मेला 13 जनवरी से शुरू हो रहा है। यह महाकुंभ मेला 26 फरवरी तक चलेगा भारतीय रेल 3000 विशेष ट्रेन चलायेगी इस अवधि में इस तरह 3000 विशेष ट्रेन के लिये डिब्बों की आवश्यकता हो रही है। भारतीय रेल ने डाल्टनगंज में रुकने और गुजरने वाली आधा दर्जन सवारी गाड़ी से तीन-तीन डिब्बों को हटा लिया है। कुछ सवारी गाड़ी में अब 7 या 8 डिब्बे मात्र बचें हैं। जिन-जिन सवारी गाड़ियों से डिब्बे हटा लिया गया है वह बरवाडीह डेहरी ऑन सोन जीडीआर सवारी गाड़ी, शटल ट्रेन, गोमोह चोपन पैसेंजर ट्रेन, बरकाकाना डेहरी ऑन सोन सवारी गाड़ी। इन सभी ट्रेन में से तीन तीन औसतन डिब्बी हटा लिया गया है।सवारी गाड़ी में डिब्बों की किल्लत से यात्रियों को भारी परेशानियां हो रही है। डब्बे में चढ़ना और उतरना कठिन हो गया है। वृद्ध महिला और बच्चों को सवारी गाड़ी में यात्रा करना इस समय काफी कष्ट दायक हो गया है। 15 जनवरी से लग्न भी शुरू हो रहा है। सवारी गाड़ियों में भीड़ बढ़ेगी कम डिब्बों से ट्रेन की यात्रा सुलभ नहीं है इस समय। फरवरी और मार्च महीने में कई प्रकार के बोर्ड की परीक्षा होती हैं। इसके अतिरिक्त नौकरी संबंधित परीक्षा भी होती है। रेलवे के एक बड़े अधिकारी ने नाम न छापने के अनुरोध पर पुष्टि की है कि कई सवारी गाड़ी से तीन-तीन डिब्बों को हटा लिया गया है। ताकि प्रयागराज महाकुंभ मेला में 3000 विशेष ट्रेन चलाया जा सके। लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेन के डिब्बों को नहीं हटाया गया है।

**रमना** ▶ विधायक अनंत ने गरीबों के बीच बांटा कंबल, कहा

# असहायों की सेवा करना ईश्वर की पूजा के समान

बंशीधर न्यूज



**रमना :** विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि समाज के असहाय व जरुरमंदों की सेवा करना ईश्वर की पूजा के समान है। वे शनिवार को सरयू राम चंद्रवंशी की स्मृति में आयोजित 26 वें कंबल वितरण समारोह में कंबल वितरण करने के पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गर्व की बात की स्वजनों की समृति में व्यवसायी बंधु रामसेवक प्रसाद और सुनील कुमार व उनके स्वजनों के द्वारा पिछले 25 वर्षों से ठंढ के समय में लोगों को कंबल उपलब्ध कराते हैं। इस प्रकार के समारोह में भागीदार बनने वाले भी पुण्य के भागी बनते हैं। उन्होंने कहा की सभी सक्षम लोगों को सेवा करना चाहिये ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हो सकें। झामुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ताहीर अंसारी ने कहा कि सरयू राम के समृति में प्रत्येक साल असहाय और जरुरमंदों के बीच वितरण होने वाले समारोह में हमें कई बार शामिल होने का अवसर मिला है। सरयू राम के पदचिन्हों पर आगे बढ़ते हुये उनके स्वजन भी गरीबों की सेवा में लगे हुये हैं यह काफी सराहनीय कदम है। कार्यक्रम को पंसस सीता देवी, जैव विधता पार्षद के प्रखंड अध्यक्ष ललित किशोर, मंसूर अंसारी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अनुज कुमार ने किया। इस अवसर पर सुनील कुमार, वीरेंद्र प्रसाद, अशर्फी लाल, नरेश प्रसाद गुप्ता, रोहित वर्मा, सुभान अंसारी, राकेश कुमार सिंह, मुन्ना पासवान, गुड्डू सिंह, अरविंद निराला सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जिला विसेप्रा ने किया कंबल वितरण



**गढ़वा :** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में जिले के मेराल प्रखंड के गेरुआ पंचायत में बुजुर्गों तथा आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के बीच 160 कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत के प्रतिनिधियों ने प्रत्येक वार्ड में 10–10 कंबल का वितरण किया। मौके पर गेरुआ पंचायत के पंचायत सेवक प्रेमचंद राम, पीएलवी गोपाल चौबे, पीएलवी रामाशंकर चौबे, पीएलवी संगीता सिन्हा, गेरुआ पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि बसंत कुमार चौबे, वार्ड नंबर 3 के वार्ड सदस्य रामाशीष चौधरी आदि उपस्थित थे।

## रेहला ग्रासिम ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

बंशीधर न्यूज




**विश्रामपुर :** रेहला ग्रासिम सीएसआर की ओर से बीसीसीएल जनसेवा ट्रस्ट के परिवार कल्याण केंद्र परिसर में जरूरतमंद एवं बुजुर्ग लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि ग्रासिम इंडस्ट्रीज हमेशा से ही सीएसआर के तहत आसपास के जरूरतमंदों को मदद पहुंचाने के लिये कृत संकल्पित है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य संबंधित कोई परेशानी हो या फिर आजीविका से संबंधित गतिविधि हो, हर क्षेत्र में सीएसआर की ओर से आसपास के लोगों के लिये कई कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनवरी को ₹ज्वाय आफ गिविंग₹ महीने के रूप में मना रहे हैं। जिसमें आसपास के स्कूलों में बच्चों के पढ़ने की कला को विकसित करने के लिये रोचक लाईब्रेरी की स्थापना, 500 बच्चों को स्कूल किट, 1200 लोगों के बीच कंबल वितरण, आसपास के बालिका विद्यालयों में हाइजीन से संबंधित अभियान, स्कूलों में खेलकूद प्रतियोगिता, प्रतिभावान छात्राओं के लिये ग्रासिम स्कॉलरशिप योजना आदि की शुरूआत की जायेगी। इस मुहिम में सीएसआर के अलावा ग्रासिम के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी निजी रूप से आर्थिक सहयोग करेंगे। ठंढ एवं शीतलहरी के प्रकोप को देखते हुये विशेषकर जरूरतमंद एवं बुजुर्गों को राहत देने के उद्देश्य से कंबल वितरण किया जा रहा है। इससे पहले ग्रासिम सीएसआर की ओर से पिछले दिनों गढ़वा रोड व डालटेनगंज रेलवे स्टेशन पर भी विभिन्न जरूरतमंदों के बीच रात्रि पहर में कम्बल वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में गांव-गांव में बने विभिन्न केंद्रों पर जाकर सीएसआर की टीम के द्वारा जरूरतमंद लोगों के बीच चरणबद्ध तरीके से कंबल का वितरीत किया जायेगा।

### किसानों को फल व सब्जियों के उत्पादन बढ़ाने को लेकर दिया गया प्रशिक्षण



**विश्रामपुर :** उंटारी रोड प्रखंड क्षेत्र के भीतीहारा एवं कुल्ही गांव में शनिवार को आत्मा की ओर से सब्जी और फलों की खेती को बढ़ावा देने के लिये वैज्ञानिक विधि एवं आधुनिक तकनीकी का इस्तेमाल के लिये किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कृषि स्नातक रवि रंजन और पवन कुमार ने बारी बारी से उपस्थित किसानों को उद्यानिकी एवं आधुनिक तकनीकी को अपनाने के लिये जोर दिया। रवि रंजन ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे किसानों को जलवायु तथा मिट्टी के हिसाब से फसल चयन करने के लिये प्रेरित किया। वहीं पवन कुमार ने सब्जियों की खेती में एकीकृत पोषक तत्व एवं कीट प्रबंधन तथा पौधशाला प्रबंधन करने का सलाह दिया। कार्यक्रम में समन्वयक सहायक सह तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार मेहता ने सभी किसानों को तकनीकी सहयता से खेती करने की सलाह दी। मौके पर किसान रमेश चौधरी, शंकर राम, शंकर मेहता सहित कई किसान मौजूद थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया जागरूकता अभियान



**गढ़वा :** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा नलिन कुमार एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार रवि चौधरी के आदेशानुसार शनिवार को गढ़वा प्रखण्ड परिसर में 90 दिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें सरकार के महत्वाकांक्षी योजना जैसे आयुष्मान भारत योजना, पालन पोषण, मध्यस्थता, बाल विवाह, आवास राशन, पेंशन पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान पीएलवी ने उन्हें बताया कि आप अपने गांव में छोटे-मोटे झगड़े, घरेलू हिंसा को आपसी समझौता से मिटा सकते हैं। इस दौरान सरकार के द्वारा चलने वाली कई लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई। मौके पर पीएलवी मुरली श्याम तिवारी, पीएलवी संगीता सिन्हा, पीएलवी रामाशंकर चौबे, पीएलवी तृप्ता भानू, पीएलवी रवीन्द्र नाथ यादव, पीएलवी सुनीता पाण्डेय, पीलएलवी उमाशंकर द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

### भंडरिया में हाथी के बाद अब जंगली बाघ का आतंक

**भंडरिया :** थाना क्षेत्र में हाथी के हमले के बाद अब जंगली बाघ का आतंक शुरू हो गया है। पिछले तीन-चार दिनों से थाना क्षेत्र के रोदो गांव के जंगल में जंगली बाघ ने तीन पशुओं पर हमला कर मार डाला है। गुरुवार की रात्रि इंद्रदेव यादव के भैंस को बाघ ने हमला कर जख्मी कर दिया। जख्मी भैंस की मौत हो गई। प्रभारी वनपाल कमलेश कुमार ने भी जंगली बाघ द्वारा पशुओं पर हमले किये जाने की पुष्टि की है। बिजका पंचायत के पूर्व महेश्वर सिंह ने कहा कि 30 दिसंबर को रामलाल सिंह की जंगल



में चरने गये भैंस को बाघ ने हमला कर दिया था। उसके पूर्व दीप नारायण यादव के भैंस का बच्छड़ा को भी बाघ ने हमला कर मार डाला था। उन्होंने कहा कि जंगल में गये चरवाहे लोग बाघ को अपने आंखों से देखा भी है। भैंस पर हमला करने के बाद लोगों के हल्ला गुल्ला करने से बाघ गहरा जंगल की ओर भाग गया था। इधर बाघ के हमले से लोगों में दहशत का माहौल कायम है।

**गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का 19वां दिन**

# रामासाहू क्वॉटर फाईनल व गोविंद सेफा में

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गोविंद हाईस्कूल के मैदान में खेले जा रहे गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 19 वें दिन सीएम ऑफ एक्सीलेंस रामासाहू की टीम ने स्कूल ब्राईट फ्यूचर को सात विकेट से हराकर क्वॉटर फाईनल में प्रवेश किया। वहीं गोविंद हाईस्कूल ने बीएनटी को 64 रनों से हराकर सेमीफाईनल में प्रवेश किया। पहले मैच में स्कूल ब्राईट फ्यूचर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित ओवरों में 100 रन बनाये। रामासाहू की ओर से कार्तिक ने तीन, साकेत आकाश ने दो दो और अभिनव ने एक विकेट लिये। 101 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी रामासाहू की टीम दिव्य प्रकाश के शानदार नाबाद 61 रन की बदौलत चार ओवर पहले ही तीन विकेट खोकर जीत दर्ज कर लिया। दूसरे मैच में गोविंद हाईस्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित ओवर में 116 रन बनाये। बीएनटी संत मैरी की ओर से अभिनव ने तीन विकेट लिये। 117 रन के लक्ष्य को लेकर खेलने उतरी बीएनटी संत मैरी की टीम 52 रन पर सिमट गई। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार गोविंद के गोलु और रामासाहू के दिव्य प्रकाश को प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, सेवानिवृत शिक्षक कामाख्या सिंह, आशुतोष रंजन, रजनीश, सोनू, टिंकू ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। मौके पर अशोक कुमार दुबे ने कहा कि जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति शिक्षा के साथ खेल को भी बढ़ावा देता है। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, रोहन तिवारी, आकाश, धीरज प्रवीन मिश्रा, प्रिंस खान, मनोज तिवारी, शहजाद खान, नमन आकाश कुमार, नैतिक, हेमंत, गोलू दास आदि लोग उपस्थित थे।



## अभिषेक बच्चन और बेटी के साथ मुंबई लौटीं ऐश्वर्या राय

अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन के बीच अनबन और तलाक की अफवाह थी, लेकिन इन अफवाहों पर तब विराम लग गया जब दोनों को बेटी आराध्या के स्कूल फंक्शन और शादी के रिसेप्शन में एक साथ देखा गया। हाल ही में अभिषेक और ऐश्वर्या ने एक साथ नया साल भी मनाया और अब वे मुंबई वापस आ गए हैं। दोनों को हाल ही में मुंबई एयरपोर्ट पर आराध्या बच्चन के साथ देखा गया था। ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन हाल ही में आराध्या के स्कूल के वार्षिक कार्यक्रम में एक साथ गए थे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में एक दिन अमिताभ बच्चन उनके साथ थे, जबकि दूसरे दिन ऐश्वर्या की मां वृंदा राय आईं। अभिषेक और ऐश्वर्या को दो दिनों तक आराध्या के स्कूल में एक साथ देखा गया था। इसके बाद दोनों एक साथ एक शादी में शामिल हुए और वृंदा राय के साथ उनकी सेल्फी वायरल हो गई। अब एक बार फिर ऐश्वर्या और आराध्या पैपराजी के कैमरे में कैद हुईं। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय नए साल के लिए आराध्या के साथ विदेश गए थे। विदेश से लौटने के बाद उन्होंने मुंबई एयरपोर्ट पर पैपराजी से बातचीत की। उन्होंने नये साल की शुभकामनाएं भी दीं। इस बार ऐश्वर्या अपना सामान ले जाती नजर आईं। अभिषेक ने अपनी पत्नी और बेटी के लिए कार का दरवाजा खोला और फिर तीनों एक ही कार में बैठकर निकल गए। उनके इस वीडियो को इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए हैं। इस वीडियो को देखने के बाद नेटीजन तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। कुछ ने कमेंट किया है कि वे इन दोनों को एक साथ देखकर खुश हैं।

## जान्हवी के साथ काम नहीं करना चाहते राम गोपाल वर्मा



श्री देवी बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस थीं, जिन्होंने साउथ के बड़े-बड़े दिग्गजों के साथ भी काम किया और वहां के प्रोड्यूसर्स की पहली पसंद थीं। बॉलीवुड में ऐसे कई फिल्ममेकर्स हैं जो उनके निधन के बाद भी उनकी एक्टिंग की तारीफ करते नहीं थकते। उनकी फिल्में फैंस को काफी पसंद आती हैं। 'चांदनी', 'प्रेमरोग', 'जुदाई', 'मिस्टर इंडिया', 'कुछ सच कुछ झूठा', 'आर्मी' जैसी कई फिल्में हैं, जिन्हें देखकर आज भी फैंस उनकी यादों में खो जाते हैं। श्री देवी की बेटी जान्हवी कपूर की तुलना अक्सर उनसे की जाती है। हाल ही में एक नामी प्रसिद्ध फि ल्म निर्देशक ने कहा कि लोग भले इस बात को कहते हैं, लेकिन उन्हें अभी तक जाह्नवी कपूर में अपनी मां जैसी बात नजर नहीं आई। उन्होंने साफ कहा कि मैं जान्हवी के साथ काम नहीं करना चाहता। 'रंगीला', 'सत्या', 'कंपनी' और 'भूत' जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर रामगोपाल वर्मा अपने बेबाक अंदाज और तीखे बयानों के लिए अक्सर सुर्खियां बटोरते रहते हैं। हाल ही में राम गोपाल वर्मा ने एक इंटरव्यू में हिंदी सिनेमा की दिवंगत दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी के प्रति अपना प्यार और सम्मान जाहिर किया। साथ ही उन्होंने अपनी बेटी और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर के बारे में भी अपनी राय शेयर की। जान्हवी कपूर के 'देवरा' के सह-कलाकार जूनियर एनटीआर ने कहा था कि उन्हें लगा कि फिल्म के फोटो शूट के दौरान एक फ्रेम में जान्हवी अपनी मां की हूबहू कॉपी थीं। हालांकि, रामगोपाल वर्मा ने इस तुलना को खारिज कर दिया और इसे 'श्रीदेवी का हैंगओवर' बताया। 'मुझे बेटी नहीं, मां पसंद है' कहकर उन्होंने श्रीदेवी के अभिनय की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रदर्शन ने एक दर्शक के रूप में मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया और मैं भूल गया कि मैं एक फिल्म निर्माता हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह जान्हवी कपूर के साथ काम करेंगे? तो उन्होंने कहा, 'मुझे मां पसंद थी, बेटी नहीं' हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि वह यह बात किसी गलत इरादे से नहीं कह रहे हैं।

## संगम क्षेत्र में श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा द्वारा निकलती पेशवाई



# ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हुई : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास की अनदेखी करने और गरीबी हटाओ के केवल नारे लगाने को लेकर पिछली सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 से वह ग्रामीण भारत की सेवा में जुटे हैं और उसी का परिणाम है कि आज ग्रामीण भारत में ग्रामीण गरीबी 5 प्रतिशत से नीचे आ गयी है। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में शनिवार को ग्रामीण भारत महोत्सव-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि ग्रामीण भारत महोत्सव के साथ वर्ष की शानदार शुरूआत भारत की विकास यात्रा को दर्शाती है और एक विशिष्ट पहचान बनाती है। प्रधानमंत्री ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और अन्य योगदानकर्ताओं को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने एसबीआई की ताजा शोध रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कल ही स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट आई है, जिसके अनुसार 2012 में भारत में ग्रामीण गरीबी करीब 26 प्रतिशत थी। जबकि 2024 में ग्रामीण गरीबी घटकर 5 प्रतिशत से भी कम हो गई है। कांग्रेस के गरीबी हटाओ के नारे पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि सालों से गरीबी हटाओ के नारे सुनाई देते रहे लेकिन अब वास्तव में गरीबी



कम हो गई है। मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने एससी-एसटी-ओबीसी की आवश्यकताओं की ओर ध्यान नहीं दिया। गांव से पलायन होता रहा, गरीबी बढ़ती रही, गांव और शहर के बीच की खाई बढ़ती रही। जिन्हें किसी ने नहीं पूछा, उन्हें मोदी ने पूजा है। जो इलाके दशकों से विकास से वंचित थे, अब उन्हें बराबरी का हक मिल रहा है। उन्होंने कहा, ह्ये सब काम (गांवों को सशक्त बनाने का) पहले की सरकारों में भी तो हो सकते थे...मोदी का इंतजार करना पड़ा क्या? आजादी के दशकों बाद भी हमारे देश के गांव बुनियादी जरूरतों से वंचित थे। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ी जातियों की ज्यादातर आबादी गांवों में रहती है। दुर्भाग्य से पिछली सरकारों ने उनकी जरूरतों को नजरअंदाज किया लेकिन मोदी इन गांवों को सशक्त बना रहे हैं और उन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो पहले उपेक्षित थे। उन्होंने कहा कि वह 2014 से ग्रामीण भारत की सेवा में लगे हैं। गांव के लोगों को गरिमापूर्ण जीवन देना सरकार की प्राथमिकता है। हमारा लक्ष्य गांवों को विकास और अवसर के जीवंत केंद्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-किसान योजना के तहत किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी गई है। पिछले 10 वर्षों में कृषि ऋण 3.5 गुना बढ़ाया गया है। देश में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है और अब तक 1.15 करोड़ ग्रामीण महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। हमारा विजन भारत के गांव के लोग सशक्त बनें, उन्हें गांव में ही आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले, उन्हें पलायन न करना पड़े, गांव के लोगों का जीवन आसान हो, इसलिए हमने गांव-गांव में मूलभूत सुविधाओं की गारंटी का अभियान चलाया। गांव के हर वर्ग के लिए विशेष नीतियां बनाई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दो-तीन दिन पहले ही कैबिनेट ने 'पीएम फसल बीमा योजना' को एक वर्ष अधिक तक जारी रखने की मंजूरी दे दी है। दुनिया में डीएपी का दाम बढ़ रहा है, आसमान छू रहा है, लेकिन हमने निर्णय किया कि हम किसान के सिर पर बोझ नहीं आने देंगे और हमने सब्सिडी बढ़ाकर डीएपी का दाम स्थिर रखा है। हमारी सरकार की नीयत, नीति और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा से भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि के अलावा भी हमारे गांव में अलग-अलग तरह के पारंपरिक कला और कौशल से जुड़े हुए कितने ही लोग काम करते हैं। रूरल इकोनॉमी और लोकल इकोनॉमी में इनका बड़ा योगदान रहा है, लेकिन पहले इनकी भी उपेक्षा हुई। अब हम उनके लिए पीएम विश्वकर्मा योजना चला रहा हैं। ये योजना देश के लाखों विश्वकर्मा साथियों को आगे बढ़ने का मौका दे रही है।

## गुजरात के कच्छ में 3.8 तीव्रता का भूकंप

**भुज।** गुजरात के कच्छ में आज शाम 4:37 बजे तीव्र



भूकंप झटके महसूस किए गए। भूकंप का केन्द्र कच्छ के दुधई के समीप बताया गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ सिस्मिक रिसर्च (आईएसआर) की ओर से यह जानकारी दी गई है। इंस्टीट्यूट ऑफ सिस्मिक रिसर्च के अनुसार शनिवार शाम 4:37 बजे गुजरात के कच्छ जिले में 3.8 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। कच्छ के दुधई के समीप नवलखा रण में जमीन से 25 किलोमीटर नीचे इसका केन्द्र दर्ज किया गया। यह स्थल कच्छ के दुधई से उत्तर-पश्चिम करीब 28 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। इंस्टीट्यूट ऑफ सिस्मिक रिसर्च के डाटा के अनुसार पिछले एक सप्ताह में गुजरात में यह चौथा भूकंप का झटका आया है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व 3 जनवरी को शाम 6.10 बजे सौराष्ट्र के दक्षिण-पूर्व में 3 किलोमीटर दूर भूकंप आया था। इसकी तीव्रता 2.5 थी। इसी दिन दूसरा भूकंप शाम 4.16 बजे कच्छ के रापर से 24 किलोमीटर दूर पश्चिम-उत्तर में था। इसकी तीव्रता 2.8 थी। इसके अलावा 1 जनवरी को सुबह और शाम भूकंप आया। सुबह 10.24 बजे आए भूकंप का केन्द्र कच्छ के भचाउ से 23 किलोमीटर उत्तर पूर्व था, जिसकी तीव्रता 3.2 थी। शाम 8.39 बजे आए भूकंप की तीव्रता 2.6 थी, जिसका केन्द्र तालाला से 15 किलोमीटर उत्तर-उत्तरपूर्व था।

Hit लिस्ट

## पाकिस्तान के कुर्रम में फिर भड़की हिंसा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान



के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम जिले के उपायुक्त जावेदुल्ला महसूद आज बागान इलाके में हुई गोलीबारी में घायल हो गए। उपायुक्त महसूद जिले में दो कबायली समूहों के बीच छिड़े सशस्त्र संघर्ष को खत्म कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जियो न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, बागान इलाके में युद्धरत जनजातियों के बीच एक जनवरी को हुए शांति समझौता होने के बाद आज अशांत क्षेत्र में फिर हिंसा भड़क उठी। क्षेत्र में शांति बहाल करने के प्रयासों में अहम भूमिका निभा रहे डिप्टी कमिश्नर को अस्पताल ले जाया गया है। बताया गया है कि जिला उपायुक्त महसूद के नेतृत्व में आज आवश्यक वस्तुओं के वाहनों का काफिला पाराचिनार के लिए रवाना हुआ।

## सेना का वाहन खाई में गिरा, 4 जवान शहीद

**बांदीपोरा।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार को सेना का एक वाहन खाई में गिर गया। हादसे में चार जवानों का बलिदान हो गया, जबकि दो घायल हैं। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना जिले के एसके पायीन इलाके में हुई। सेना का वाहन सड़क से फिसलकर पास की खाई में गिर गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद बचाव अभियान शुरू कर दिया गया था। एमएस बांदीपोरा अस्पताल के डॉ. मसरत ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए छह में से पांच सैन्य कर्मियों को अस्पताल लाया गया। उन्होंने बताया कि इनमें से दो को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि तीन गंभीर घायलों को श्रीनगर रेफर किया गया। इस दौरान एक जवान ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

### पत्रकार हत्या मामले की निष्पक्ष जांच हो, दोषियों को कड़ी सजा मिले : रास बिहारी

# छत्तीसगढ़ में खोजी पत्रकार की हत्या अत्यंत निंदनीय : एनयूजेआई

बंशीधर न्यूज

**रायपुर, नई दिल्ली।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में माओवादी मुठभेड़ के बाद अपहृत सीआरपीएफ कर्मियों की रिहाई सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाने वाले 28 वर्षीय पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या की कड़ी निंदा की है। रास बिहारी ने इस जघन्य हत्याकांड की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस घटना से पत्रकार जगत मर्माहत है और यह एक अत्यधिक दुःखद समाचार है। एनयूजेआई अध्यक्ष ने दिवंगत पत्रकार के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनको इस असह्य दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। विदित हो कि मृतक पत्रकार मुकेश चंद्राकर का शव शुक्रवार को एक ठेकेदार की संपत्ति पर बने सेप्टिक टैंक से बरामद किया गया। पुलिस ने इसे हत्या का मामला बताया है और कई संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले



कुछ दिनों से पत्रकार मुकेश चंद्राकर से लापता थे। उनकी गुमशुदगी की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की और शुक्रवार को उनकी लाश ठेकेदार की संपत्ति से बरामद की। मुकेश चंद्राकर ने 2021 में बीजापुर में माओवादी मुठभेड़ के बाद अपहृत सीआरपीएफ कर्मियों की रिहाई के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसे लेकर वे काफी चर्चित रहे। हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि संदिग्धों से पूछताछ के बाद ही हत्या के कारणों का खुलासा हो सकेगा। मुकेश चंद्राकर एक अनुभवी और साहसी पत्रकार थे जिन्होंने छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों, विशेष रूप से बस्तर, पर गहरी और प्रभावशाली रिपोर्टिंग की। 2021 में बीजापुर में मुठभेड़ के बाद माओवादियों द्वारा अपहृत सीआरपीएफ कमांडो राकेश्वर सिंह मन्हास की रिहाई में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। इस मामले में राज्य पुलिस ने उनकी भूमिका की सराहना की थी। मुकेश ने नक्सली हमलों, मुठभेड़ों, और बस्तर के सामाजिक-आर्थिक मुद्दों पर व्यापक रिपोर्टिंग की थी। उनकी पत्रकारिता ने इस क्षेत्र की जटिलताओं और समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उजागर करने में मदद की। उनकी साहसिक और निष्पक्ष रिपोर्टिंग के लिए उन्हें व्यापक रूप से सम्मानित किया गया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)